Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI-58/2021-23 दिनांक : 31.01.2023

सेवा में,
मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल मंडल।
मंडल रेल प्रबंधक, मालदा मंडल।
भारतीय रेल।

विषय : देवघर और गोड्डा के बीच नई पैंसेंजर ट्रेन चलाने के संबंध में।

महोदय,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से अभिवादन!

देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में आजादी के 75वें वर्ष में संताल परगना जैसे देश के अति पिछड़े इलाके में रेल का तेज विकास देखकर यहां की जनता प्रफ्फुलित हो रही है। गोड्डा जैसे क्षेत्र में रेल पहुंचेगी, लोग इसकी कल्पना करने से भी डरती थी। आज गोड्डा में न सिर्फ रेल की सीटी बज रही है, बल्कि एक वर्षों के अन्दर ही 10 से भी ज्यादा रेलगाड़ियां यहां पहुंच चुकी है और हमारी आकांक्षाएं भी बड़ी होती जा रही है।

देवघर संताल परगना के सबसे विकसीत स्थान के रूप में परिलक्षित हो चुकी है। यहां एम्स जैसी अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं बहाल हो चुकी है, एयरपोर्ट आ चुका है, जसीडीह सहित कई अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में नित नए उद्योग आ रहे हैं, प्लास्टिक पार्क में जमीन के आवंटन की प्रक्रिया शुरू होकर लगभग 100 प्लास्टिक इंडस्ट्रीज यहां आएगी, द्वादश ज्योतिर्लिंग बाबा बैद्यनाथ के कारण धार्मिक और पर्यटन का यह बड़ा केन्द्र तो है ही। इतना ही नहीं ट्रेडिंग में भी देवघर संताल परगना के अन्य जिलों के लिए हब का स्वरूप ले चुका है। व्यापार और उद्योग के साथ ही स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा में भी देवघर की पहचान बन चुकी है। उपरोक्त कारणों से सभी जगहों से देवघर की सुगम रेल यात्रा अपेक्षित है।

ऐसे में संताल परगना के दुमका और जामताड़ा जिले से देवघर की अच्छी रेल कनेक्टिविटी पूर्व से स्थापित हो चुकी है। अब गोड्डा से देवघर की सुगम रेल कनेक्टिविटी के लिए एक पैसेंजर ट्रेन (यात्री गाड़ी) की जरूरत सिद्दत से महसूस की जा रही है।

दूसरी ओर पाकुड़ और साहिबगंज से भी देवघर की रेल कनेक्टिविटी आवश्यक है ताकि संताल परगना के सभी जिले के लोगों को यहां के धार्मिक, पर्यटन, व्यापार, स्वास्थ्य और शिक्षा के बढ़ते फलक के मद्देनजर देवघर से सुगम और अपेक्षाकृत सस्ती रेल यात्रा की सुविधा का लाभ लोगों को मिल सके।

अतः अनुरोध है कि (क) गोड्डा–देवघर एक जोड़ी नई पैसेंजर ट्रेन का संचालन शुरू कराया जाय तथा (ख) एक जोड़ी नई पैसेंजर ट्रेन पाकुड़–साहेबगंज–देवघर भाया भागलपुर–बांका–कटोरिया चलाने की संभावना तलाश की जाय।

भवदीय,

Mallick

आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष।

प्रतिलिपि : महाप्रबंधक, पूर्वी रेलवे, कोलकाता।
मानीय सांसद, गोड्डा लोकसभा।

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)